तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 19 सितम्बर 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 बच्चों को कच्चे खपरैल घर में संचालित आंबा से नहीं मिली मुक्ति, दस साल से है संचालित

खबर संक्षेप

डॉ. सरूता सरगुजा सीएमएचओ डॉ. कपिलदेव बने जेडी

अंबिकापुर। प्रदेश की सरकार ने गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग में बड़े पैमाने पर स्थानान्तरण आदेश जारी किया है। शासन द्वारा संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला को सीएमएचओ खैरागढ़, छुईखदान, गंडई बनाया गया है। इसके साथ ही सीएमएचओ सूरजपुर डॉ. कपिलदेव पैकरा को संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सरगुजा बनाया गया है। इसके साथ ही डॉ. प्रशांत सिंह को सीएमएचओ कोरिया को सीएमएचओ सूरजपुर बनाया गया है। सीएचसी बिश्रामपुर में पदस्थ डॉ. जगसाय सिंह सरूता सरगुजा के सीएमएचओ होंगे जबकि सीएमएचओ सरगुजा डॉ. प्रेम सिंह मार्को को सीएचसी सोनहत कोरिया भेजा गया है। इसी तरह सिविल सर्जन जिला अस्पताल बलरामपुर डॉ. शशांक गुप्ता को सीएचसी राजपुर भेजा गया है जबकि सीएचसी राजपुर के डॉ. राम प्रसाद तिर्की को बलरामपुर जिला अस्पताल का सिविल सर्जन बनाया गया है।

महिला ने मेस संचालक पर लगाया छेड़खानी का आरोप, पुलिस से की शिकायत

अम्बिकापुर। मेडिकल कॉलेज स्थित व्यास हॉस्टल में भोजन बनाने वाली महिला ने मेस संचालक पर छेड़खानी का आरोप लगाया है। पीड़िता ने घटना की शिकायत मणिपुर थाने में की है। पीड़िता ने मणिपुर थाना प्रभारी से किए गए शिकायत में बताया है कि मेडिकल कॉलेज ब्यास हॉस्टल में संचालक विकास गुप्ता के मेस में भोजन बनाने का काम करती है। अगस्त 2025 से कार्य की किन्तु मेरा सम्पूर्ण वेतन नहीं दिया गया। मात्र 10 हजार रुपए ही दिया गया है जब वेतन मांगे जाने पर हाजिरी रजिस्टर को लेकर बुलाया था लेकिन मैं नहीं गई। आज मेडिकल कॉलेज मिलने गई और बकाया राशि मांगी तो गाली-गलौज करने के साथ छेड़खानी करने लगा। पीड़िता ने दोषी मेस संचालक के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

तीन दिन से चल रहा इलाज

दल द्वारा त्यागे गए अस्वस्थ शावक का सहारा बना रेस्क्यू सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खास बात

- स्वस्थ होने में लगेगा एक पखवाड़ा

हाथियों के दल द्वारा त्यागे गए अस्वस्थ नर हाथी शावक का एलिफेंट रेस्क्यू सेंटर रमकोला सहारा बन गया है। एक सप्ताह तक भूखे-प्यासे बेसहारा शावक को वरिष्ठ अधिकारियों की पहल पर तीन दिनों पूर्व एलिफेंट रेस्क्यू सेंटर लाया गया है जहां उसकी सतत निगरानी करने के साथ ही उपचार भी किया जा रहा है। उपचार एवं सतत निगरानी से शावक के स्वास्थ्य में काफी सुधार आया है तथा अब वह आवश्यकता के अनुरूप प्राकृतिक चारा खा रहा है।

सीमावर्ती धरमजयगढ़ वन मण्डल अंतर्गत बोरो रेंज में भ्रमण कर रहे हाथियों के दल ने एक दो साल के अस्वस्थ शावक का त्याग कर दिया था तथा शावक को छोड़कर आगे निकल गया था। ग्रामीणों ने शावक को अकेले एकांत में कई दिनों तक खड़ा देखा तो वन अधिकारियों को सूचना दी। वन अमले ने शावक को दल के निकट पहुंचाकर कई बार उसे मिलाने की कोशिशे की लेकिन दल ने उसे स्वीकार नहीं किया। वन अधिकारी यह भी तय नहीं कर पा रहे थे कि शावक हाथियों के किस दल का सदस्य है। शावक कुछ खा पी नहीं रहा था इसलिए बेहद कमजोर हो रहा था। सीसीएफ वाइल्ड लाइफ डॉ.प्रणय मिश्रा के निर्देश पर रेस्क्यू सेंटर के चिकित्सक डॉ.अजीत पाण्डेय दल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे वहीं बिलासपुर से डॉ.पीके चंदन भी पहुंचे थे। शावक की जांच की गई तो उसके जबड़े के नीचे फोड़ा बना मिला जिसमें मवाद भरा था। सीसीएफ वाइल्ड लाइफ के निर्देश पर तत्काल शावक को एलिफेंट रेस्क्यू सेंटर लाया गया। सक्रंमण से सुरक्षा के लिए शावक को सेंटर के अन्य हाथियों से अलग रखकर उसकी नियमित देखभाल एवं उपचार किया जा रहा है। विभाग ने शावक की देखभाल के लिए एक महावत एवं उसके सहायक को तैनात किया है। चिकित्सक रोज हाथी के फोड़े की मरहम-पट्टी करने के साथ ही उसे एंटी बायोटिक दवाएं दे रहे हैं जिससे उसके फोड़े में काफी सुधार आया है तथा अब वह प्राकृतिक चारा खाना शुरू कर दिया है। डॉ.अजीत एक पखवाड़े में शावक के पूरी तरह स्वस्थ होने की बात कह रहे है। अस्वस्थ शावक को महावत ने आज दूब घास, बरगद एवं झीगन भोगन के मुलायम पत्तों को खिलाया। शावक ने काफी रूचि से घास एवं कोमल पत्तों को खाया।

रेस्क्यू सेंटर मे हाथी शावक।

एक सप्ताह से था भूखा

जबड़े के फोड़े के कारण शावक लंबे समय से कुछ खा-पी रहा था जिससे उसका स्वास्थ्य बिगड़ते जा रहा था। दल से अलग होने के बाद लोगों की लगातार मौजूदगी से उसके स्वभाव में भी व्यापक बदलाव आया तथा वह आक्रामक हो गया। शावक कमजोर होने के बावजूद आदमी को देखते ही उसपर हमला बोल देता था। कड़ी मशक्कत से रेस्क्यू सेंटर की टीम उसे रमकोला ले आई। उपचार के बाद उसकी आक्रामकता में कमी आई है तथा अब वह देखरेख कर रहे महावत एवं उसके सहयोगी का साथ खोज रहा है। महावत शावक को आकर्षित करने उसे रोज गुड़ खिला रहा है। इस संबंध में डॉ.अजीत पाण्डेय ने बताया कि शावक के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी की जा रही है। महावत एवं सहयोगी शावक को नियमित नहलाने के साथ ही साफ-सफाई कर रहे हैं। नियमित देखरेख से शावक धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है।

स्वास्थ्य में आया है सुधार

वन मण्डलाधिकारी से मिली सूचना के आधार पर रेस्क्यू सेंटर की टीम को बोरो जंगल भेजा गया था। शावक के स्वास्थ्य में काफी सुधार आया है। उसके स्वभाव में भी बदलाव आ रहा है।

-प्रणव मिश्रा
सीसीएफ वाइल्ड लाइफ

19-20 को अग्र महाकुंभ-2026 सीएम साय करेंगे शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- प्रांतीय अधिवेशन एवं दशम् अग्र अलंकरण समारोह में प्रदेशभर के अग्रवाल समाज के अध्यक्ष-सचिव एवं प्रमुख पदाधिकारी होंगे शामिल

सरगुजा में दो दिवसीय अग्र महाकुंभ 2026 का शहर में भव्य आयोजन किया जा रहा है। अग्र महाकुंभ के तहत प्रांतीय अधिवेशन और दशम अग्र अलंकरण समारोह आयोजित होगा। इस अग्र महाकुंभ का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। इसके साथ ही कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री व अन्य अतिथि शामिल होंगे। आयोजन समिति ने बताया कि अग्र महाकुंभ केवल एक सांस्कृतिक या सामाजिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के अग्रवाल समाज के नेतृत्व का प्रांतीय चिंतन एवं संवाद मंच बनने जा रहा है। समाज के समक्ष उपस्थित वर्तमान सामाजिक चुनौतियों, संगठन की दिशा, नई पीढ़ी, संस्कार, सामाजिक कुरीतियों एवं समाज के भविष्य को लेकर विचार-विमर्श होगा तथा आवश्यक विषयों पर निर्णय भी लिए जाएंगे।

अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलभूषण मित्तल कुकी, इंदौर; राष्ट्रीय संरक्षक सियाराम अग्रवाल, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अशोक बूवानीवाला भिवानी तथा राष्ट्रीय महामंत्री राजेश भरूका, सूरत सहित अनेक राष्ट्रीय पदाधिकारी 19 सितंबर को अंबिकापुर पहुंचकर आयोजन में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम के पहले दिन अतिथियों द्वारा अग्रवाल बिजनेस एंड कम्युनिटी डेवलपमेंट के अंतर्गत लगाए जा रहे ट्रेड फेयर का उद्घाटन किया जाएगा। संगठन की विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के लिए प्रांतीय पुरस्कारों की घोषणा कर उन्हें पुरस्कृत भी इसी सत्र में किया जाएगा। द्वितीय सत्र में महिला अधिवेशन एवं युवा अधिवेशन आयोजित होंगे। महिला अधिवेशन में समाज में महिलाओं की बढ़ती भूमिका, नेतृत्व, परिवार एवं सामाजिक विकास में योगदान तथा समकालीन चुनौतियों पर चर्चा होगी। वहीं युवा अधिवेशन में समाज की नई पीढ़ी की ऊर्जा, प्रतिभा, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जिम्मेदारी, व्यवसाय एवं भविष्य की दिशा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद किया जाएगा। शाम 6 बजे अग्रवाल समाज के बालक-बालिकाओं एवं महिलाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। रात 8 बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कवी सम्मेलन में ⏭ शेष पेज 2 पर

बुजुर्ग की हत्या के मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार देशी पिस्टल, 6 जिन्दा कारतूस बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- फरार आरोपियों की तलाश जारी, घर में घुसकर चाकू से वारकर हत्या का मामला

रसूलपुर मोहल्ले में घर में घुसकर बुजुर्ग की चाकू से गोदकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे चौथे आरोपी को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक देशी पिस्टल, 6 नग जिन्दा कारतूस और 1 नया चाकू भी बरामद किया है। इसके साथ ही पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

बता दें कि 16 सितंबर की सुबह 10.15 बजे तीन अज्ञात लोग रसूलपुर निवासी बशीरुद्दीन सिद्दीकी के घर किराए का मकान देखने के बहाने घुसे थे। इस दौरान आरोपियों ने बुजुर्ग पर चाकू से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था। बुजुर्ग को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गई। घटना के दौरान इस बात की पुष्टि भी हुई थी कि आरोपी अपने साथ पिस्टल जैसा हथियार भी रखे थे ऐसे में बीच बचाव करने वालों पर भी हमला किए जाने की संभावना थी। मामले में मृतक की पुत्री सादिया शारीन सिद्दीकी ने पुलिस ने शिकायत की थी। मामले में जांच के बाद पुलिस ने मृतक के दामाद तकिया रनपुर निवासी नाजिम शबा, उसके सहयोगी नेजारुद्दीन उर्फ गुड्डु और हत्या के लिए झारखंड के पलामू से पहुचे आरोपी कंचन कुमार को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान इस बात की पुष्टि हुई थी कि कोर्ट में चल रहे तलाक के केस को वापस लेने के लिए आरोपी मृतक और उसकी पुत्री पर दबाव बना रहा था और केस वापस नहीं लेने पर सुपारी देकर ससुर की हत्या की योजना बनाई थी। आरोपी ने 5 लाख रूपए में शूटर झारखंड से बुलवाए थे। आरोपी ने शूटर को हत्या के लिए दस हजार रूपए का एडवांस भी दिया था। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने झारखंड के पलामू चैनपुर खुटार खुर्द निवासी 25 वर्षीय अवकाश साव उर्फ आकाश गुप्ता आ. भरदुल साव ⏭ शेष पेज 2 पर

सरगुजा में टीबी मुक्त भारत अभियान तेज, 783 लोगों का हुआ छाती का एक्स-रे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- स्क्रीनिंग, बचाव की दवाइयों और समय पर उपचार से टीबी से होने वाली अकाल मृत्यु रोकने पर जोर

जिले में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सभी विकासखंडों में संभावित टीबी मरीजों की सघन स्क्रीनिंग की जा रही है। अभियान के अंतर्गत अब तक 783 लोगों का छाती का एक्स-रे कराया गया है तथा इनमें से 47 संदिग्ध व्यक्तियों की बलगम जांच कराई गई है। जांच में टीबी की पुष्टि होने वाले मरीजों का समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार प्रारंभ कराया जा रहा है, ताकि बीमारी की गंभीरता और जटिलताओं को कम करते हुए टीबी से होने वाली अकाल मृत्यु को रोका जा सके। सरगुजा में वर्तमान आंकड़ों के अनुसार टीबी से संक्रमित लगभग 100 मरीजों में 3 मरीजों की मृत्यु होती है। इसे कम करने के लिए शीघ्र पहचान, नियमित उपचार, पोषण सहायता और उपचार को बीच में न छोड़ना अत्यंत आवश्यक है। अभियान के दौरान टीबी मरीजों के संपर्क में आए परिवार के सदस्यों एवं अन्य पात्र व्यक्तियों की भी जांच की जा रही है। जिन व्यक्तियों में सक्रिय टीबी बीमारी नहीं पाई जाती, उन्हें चिकित्सकीय सलाह के अनुसार टीबी से बचाव की दवाइयाँ दी जाती हैं, ताकि उनमें भविष्य में टीबी बीमारी विकसित होने के जोखिम को कम किया जा सके। टीबी की पुष्टि होने वाले मरीजों को शासन द्वारा उपलब्ध सभी सुविधाओं की जानकारी दी जा रही है। प्रत्येक टीबी मरीज को उपचार अवधि के दौरान ₹1,000 प्रतिमाह की दर से 6 माह तक पोषण सहायता प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त जिला स्तर पर सामाजिक सरोकार के अंतर्गत मरीजों को 500 रूपए मूल्य का फूड बास्केट भी उपलब्ध कराया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविरों में नए संभावित मरीजों की जांच के साथ-साथ टीबी से स्वस्थ हो चुके मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं नियमित फॉलो-अप भी किया जा रहा है। प्रत्येक हितग्राही की स्क्रीनिंग, जांच, उपचार एवं फॉलो-अप से संबंधित जानकारी निक पोर्टल पर दर्ज की जा रही है, ताकि समय पर जांच, उपचार और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा सके। अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि हर संभावित टीबी मरीज तक पहुंचना, समय पर बीमारी की पहचान करना, टीबी मरीजों के संपर्क में आए पात्र लोगों को बचाव की दवाइयाँ उपलब्ध कराना तथा प्रत्येक पुष्ट मरीज का पूर्ण उपचार सुनिश्चित कर टीबी से होने वाली अकाल मृत्यु को रोकना।

एक्स-रे करते स्वास्थ्यकर्मी।

उपचार से हो सकता है ठीक

स्वास्थ्य विभाग ने विशेष रूप से 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों, मधुमेह (शुगर) के मरीजों, बार-बार बीमार पड़ने वाले व्यक्तियों तथा टीबी के लक्षण वाले लोगों से आह्वान किया है कि वे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर टीबी की जांच अवश्य कराएं। समय पर जांच और उपचार से टीबी को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है और गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है।

-डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता
जिला क्षय अधिकारी, सरगुजा

म्यूल अकाउंट के मामले में सट्टा कारोबारी आयुष सिन्हा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पूर्व में पकडे जा चुके है तीन आरोपी

सट्टा कारोबारी दीप सिन्हा को एक बार फिर से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस बार पुलिस ने म्युल अकाउंट के मामले में आरोपी को पकड़ा है जबकि इस मामले में पूर्व में भी तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार म्युल अकाउंट के खिलाफ चलाए गए अभियान में इस बात की पुष्टि हुई थी कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र में खाताधारक श्री राम अस्पताल रोड निवासी सूरज यादव के नाम से संचालित हो रहा था। उक्त खाता, फर्जी सिम कार्ड फर्जीवाड़े के जरिए प्राप्त किए गया था। मामले में पूर्व में आरोपी सूरज यादव, मुकेश त्रिपाठी एवं अमित मिश्रा उर्फ पहलू को गिरफ्तार किया जा चुका है। पूछताछ में खुलासा हुआ था कि आरोपियों ने आम लोगों को निजी कार्य का झांसा देकर छलपूर्वक उनके बैंक खाते, एटीएम, चेकबुक और सिम कार्ड प्राप्त किए और कमीशन पर ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी व वित्तीय धोखाधड़ी के लिए उपलब्ध कराए। बैंक खाते होल्ड होने पर साक्ष्य मिटाने की नीयत से आरोपियों द्वारा पासबुक, एटीएम और दस्तावेज जला दिए गए थे। पूर्व गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली के भादवि की धारा 419, 420 एवं बीएनएस की धारा 238, 61(2), 111 (2) के तहत अग्रिम कार्रवाई कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया है। इस मामले में एसएसपी राजेश अग्रवाल ने शेष फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस व साइबर सेल की टीम ने फरार चल रहे सट्टा किंग आयुष सिन्हा उर्फ दीप सिन्हा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने जांच में सहयोग नहीं किया। पुलिस ने मामले में आरोपी सत्तीपारा नेहरू वार्ड निवासी 32 वर्षीय आयुष सिन्हा उर्फ दीप सिन्हा आ. स्व. त्रिभुवन सिन्हा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अखिलेश सिंह, सउनि अदीप प्रताप सिंह, विवेक पाण्डेय, आरक्षक नितिन सिन्हा, विवेक राय, शिव राजवाड़े, आनंद गुप्ता सक्रिय रहे।

खबर संक्षेप

ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

कुसमी। दिल्ली में युवाओं एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के साथ हुए अमानवीय घटना को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में देशभर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सामने आई अनियमितताओं तथा शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त गंभीर खामियों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया कि इन घटनाओं ने लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को संकट में डाल दिया है। कांग्रेस पार्टी ने इसे युवाओं के भविष्य से जुड़ा गंभीर विषय बताते हुए केंद्र सरकार से जवाबदेही तय करने की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से तत्काल इस्तीफा सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में हुई अनियमितताओं एवं शिक्षा व्यवस्था की विफलताओं पर संसद में विस्तृत चर्चा कर दोषियों के विरुद्ध कठोर एवं निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र भगत, सरपंच संघ ब्लॉक अध्यक्ष संतोष इंजीनियर, मंडल अध्यक्ष पंकज दुबे, मंडल अध्यक्ष खसरू बुनकर, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष दीपक बुनकर, महासचिव वेदांत भारती, उपाध्यक्ष मुदस्सिर इराक़ी, प्रदेश महासचिव पूर्णिमा सेमरिया,पीसीसी सदस्य सोनू अली, रामेश्वर,पार्षद वाहिद अली, अमरनाथ, छत्रपति प्रजापति ,यासीन ख़ान, लव कुमार कश्यप, विक्रम गुप्ता, लरंग ,गौरव कुजूर सहित कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वतंत्र भारत में युवा आक्रोश के कारण और निदान

अम्बिकापुर। सेवा किटी समूह द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित स्वतंत्र भारत में युवा आक्रोश के कारण और निदान विषय की निबंध प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया है। प्रतियोगिता में हरकेवल दास शिक्षा महाविद्यालय की कविता एवं प्रेरणा ने प्रथम, हर केवल दास शिक्षा महाविद्यालय के महेन्द्र सिंह ने द्वितीय एवं राजीव गांधी पीजी कॉलेज के अमन सिंह टेकाम व हर केवल दास शिक्षा महाविद्यालय के कृष्ण कुमार ने तीसरा पुरस्कार हासिल किया है। सांत्वना पुरस्कार के लिए राजमोहिनी कन्या महाविद्यालय की रिया पाण्डेय, अंकिता तिवारी तथा राजीव गांधी पीजी कॉलेज के विकेश गुप्ता, हरकेवल दास के अमित लकड़ा, आयुष मिंज का चयन किया गया है। केन्द्रीय जेल से निरूद्ध बंदियों में 33 लोगों ने स्पर्धा में भाग लिया जिसमें प्रथम घनश्याम यादव, बसंत जगते, द्वितीय जगरनाथ प्रसाद सोनी, अरविंद पैंकरा, तृतीय ओम विक्की प्रधान एवं सांत्वना पुरस्कार राधेश्याम यादव, दीपक सिंह को प्राप्त हुआ है।

भवन स्वीकृति के इंतजार में ग्रामीण सहित नौनिहाल

बच्चों को कच्चे खपरैल के घर में संचालित आंबा से नहीं मिली मुक्ति, दस साल से है संचालित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

खास बातें

- ग्राम पंचायत सलका को आज तक नसीब नहीं हुआ आंगनबाड़ी केंद्र भवन
- पंचायत प्रतिनिधि व विभागीय अधिकारी बेखबर

आंगनबाड़ी केंद्र में न सिर्फ बच्चों सहित गर्भवती माताओं का समय समय पर स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है बल्कि उन्हें पौष्टिक आहार युक्त भोजन उपलब्ध कराए जाते है। ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत सलका में सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत कुछ और ही बया करती है। अन्य पंचायत की भांति सलका रजवारी पारा में एक आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है बिड़बना है कि आंगनबाड़ी केंद्र पिछले करीब दस वर्षों से निजी कच्चे मकान में संचालित हो रहा है। वर्ष 2015 से निजी मकान में संचालित इस केंद्र के लिए आज तक स्थायी भवन स्वीकृत नहीं हो सका है। हैरानी की बात यह है कि पंचायत में जनप्रतिनिधियों से लेकर जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों तक की नजर इस समस्या पर अब तक नहीं पड़ी। ऐसे में आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन गांव में खपरैल कच्चे मकान में किया जा रहा है। ऐसे में बच्चों सहित गर्भवती माताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

सरकार द्वारा कुपोषित बच्चों को बीमारियों से मुक्त करने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से प्रोटीन युक्त भोजन सहित कई योजनाएं संचालित कर रहे हैं जिसका लाभ ग्राम पंचायत के बच्चों व गर्भवती माताओं को मिल सके। छत्तीसगढ़ सरकार ने महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद लोगों तक पोषण आहार पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। ग्राम पंचायत सलका के रजवारीपारा में वर्ष 2015 से निजी कच्चे मकान में आंगन बाड़ी केन्द्र का संचालन शुरू किया गया। हैरानी की बात तो यह है कि आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन शुरू हुए लगभग दस साल हो गए बावजूद इसके बच्चों को खपरैल घर में संचालित आंगनबाड़ी से मुक्ति नहीं मिली और इस केंद्र के लिए आज तक स्थायी भवन स्वीकृत नहीं हो सका है। ग्रामीणों के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन छप्परनुमा कच्चे मकान में किया जा रहा है। ऐसे स्थान पर छोटे बच्चों की पढ़ाई, पोषण आहार एवं अन्य गतिविधियां संचालित करना किसी चुनौती से कम नहीं है। बारिश के दिनों में छत और भवन की स्थिति को लेकर बच्चों की सुरक्षा भी चिंता का विषय बनी रहती है। इसके बावजूद जिम्मेदारों द्वारा स्थायी भवन उपलब्ध कराने को लेकर गंभीर पहल नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा भवन स्वीकृति के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं किए जा रहे हैं, अथवा विभागीय स्तर पर बजट का अभाव है। यदि बजट उपलब्ध नहीं है तो इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी जानी चाहिए और यदि बजट उपलब्ध है तो भवन निर्माण अब तक क्यों नहीं हुआ यह जांच का विषय है।



रजवारीपारा में कच्चे मकान में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र।

दस साल में भी नहीं जागे जिम्मेदार

विडंबना यह है कि ग्राम पंचायत सलका में अनेक शिक्षित और प्रभावशाली परिवार निवास करते हैं। पंचायत में विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं की चर्चा भी होती रहती है, लेकिन गरीब एवं कमजोर वर्ग के बच्चों से जुड़ी इस मूलभूत समस्या पर किसी का ध्यान नहीं जाना समझ से परे है। ऐसे में ग्राम पंचायत में जब एक आंगनबाड़ी केंद्र को दस वर्षों में अपना भवन तक नहीं मिल सका, तो ग्रामीण क्षेत्र में महिला एवं बाल विकास योजनाओं की निगरानी किस स्तर पर हो रही है यह आसानी से समझा जा सकता है।

जांच व कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों से मामले की जांच कराने, आंगनबाड़ी केंद्र की वर्तमान स्थिति का निरीक्षण करने तथा स्थायी भवन की स्वीकृति एवं निर्माण प्रक्रिया तत्काल शुरू कराने की मांग की है। साथ ही दस वर्षों तक भवन स्वीकृत नहीं होने के कारणों की जिम्मेदारी तय करने की भी मांग उठ रही है।

ग्राम सभा में रख चुके है बात

ग्रामीण कई बार ग्राम सभा में पंचायत में आंगनबाड़ी भवन निर्माण की बात रख चुके लेकिन आज तक पंचायत द्वारा ग्रामीणों की मांग को ऊपर पहुंचना उचित नहीं समझे। यदि हाल ही में भवन स्वीकृति नहीं कराए तो ग्रामीण अगले सप्ताह महिला बाल विकास मंत्री के निवास स्थान जाकर वस्तुस्थिति से अवगत कराएंगे, साथ ही मुख्यमंत्री से शिकायत कर भवन कर मांग रखेंगे।

-सुरेंद्र राजवाड़े, उपसरपंच

ग्राम सभा से नहीं मिला है प्रस्ताव

ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए हमे ग्राम सभा से कोई प्रस्ताव नहीं भेजा गया है। ग्राम सभा का प्रस्ताव मिलते ही नई भवन स्वीकृत के लिए फाईल आगे भेज जल्द भवन स्वीकृति की मांग करेंगे।

-वर्षा अग्रवाल, सीडीपीओ

नशे में धुत बेलगाम ट्रक चालक ने मध्यरात्रि इतवारी बाजार में मचाया कोहराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- कई वाहनों और अस्थाई शेड निर्माण को किया क्षतिग्रस्त
- दुर्घटनाकारित ट्रक को पुलिस ने किया जप्त

गुरुवार की मध्य रात्रि नगर पंचायत शिवनंदनपुर के इतवारी बाजार में एक नशे में धुत युवक ने बेलगाम ट्रक चलाकर ऐसी तबाही मचाई कि सुबह होते-होते पूरा बाजार क्षतिग्रस्त वाहनों और टूटे शेडों का नजारा बन गया। गौरतलब है कि रामानुजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सुरता निवासी महज 20 वर्षीय विजय पोर्ते पिता जवाहर पोर्ते ने ट्रक क्रमांक सीजी 29 ए 4433 को नशे की हालत में रात करीब साढ़े 11 बजे बेकाबू गति से दौड़ाया, वह संडे मार्केट में खड़े वाहनों से टकरा-टकरा कर आगे बढ़ता गया और रास्ते में आने वाली अस्थाई शेड से बनी दुकानों को भी तहस-नहस कर दिया। मध्यरात्रि का सन्नाटा अचानक ट्रक के तेज शोर और टक्करों की आवाज से गूंज गया। बेलगाम ट्रक चालक युवक ने एक के बाद एक कई वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बिश्रामपुर निरीक्षक विकास देशमुख दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर दुर्घटनास्थल का मुआयना किया एवं क्षतिग्रस्त वाहनों और दुकानों का जायजा लेकर दुर्घटनाकारित ट्रक को जब्त कर लिया है। दुर्घटना से संडे मार्केट में आज शुक्रवार को पूरे दिन लोग दहशत में दिखे।

ये गाड़ियां और दुकाने हुई क्षतिग्रस्त

मध्य रात्रि घटना होने से कोई जनहानी नहीं हुई ट्रक चालक युवक ने एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 10 ईबी 6935, मारुति ग्रैंड विटारा वाहन क्रमांक सीजी 29 एएफ 5799, होंडा लिवो मोटरसाइकिल, स्विफ्ट डिजायर वाहन क्रमांक सीजी 12 आर 3302, ओमनी वाहन क्रमांक सीजी 05 सी 0196 और टाटा मैजिक छोटा हाथी वाहन क्रमांक सीजी 10 सी 4453 को अपनी चपेट में लेकर काफी क्षतिग्रस्त कर दिया। वाहनों के अलावा ट्रक चालक ने महेश ठाकुर की स्टेशनरी दुकान, मनोज मंडल की मछली दुकान और मंगल की मुर्गा दुकान के शेड व झाले को भी टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। ज्ञात हो कि रात का अंधेरा और बाजार की सुनसान हालत इस घटना को बड़े जनहानि से बचा पाई। अगर यही हादसा दिन के समय होता, जब इतवारी बाजार में खरीददारों ,दुकानदारों और बच्चों से गुलजार रहता है, तब मामला और गंभीर हो सकता था एवं बड़ी जनहानि हो सकती थी ।

शिवशक्ति फुटबॉल के फाइनल में बरकोल ने मारी बाजी, बरियो को एक गोल से हराया

- सांसद चिंतामणि महाराज ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

राजपुर। विकासखंड के ग्राम पंचायत घोरगड़ी-शिवडाड़ मैदान में आयोजित शिवशक्ति फुटबॉल प्रतियोगिता 2026 का रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ समापन हुआ। खिताबी मुकाबले में लुंड्रा क्षेत्र के बरकोल और बरियो की टीम आमने-सामने रही। कड़े संघर्ष के बीच बरकोल की टीम ने बरियो को एक गोल से शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया, जबकि बरियो की टीम उपविजेता रही। फाइनल मुकाबले को देखने बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेलप्रेमी मैदान में जुटे रहे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज शामिल हुए। आयोजन समिति और खेलप्रेमियों ने उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत सांसद ने मैदान के समीप स्थित शिव मंदिर में भगवान शिव की पूजा-अर्चना और दर्शन के साथ की। फाइनल मैच शुरू होते ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल के साथ दमखम दिखाया। समापन अवसर पर सांसद चिंतामणि महाराज ने विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किया। सांसद ने कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक विकास के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली ऐसी प्रतियोगिताएं स्थानीय खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का बेहतर मंच देती हैं। समापन समारोह में जनपद अध्यक्ष विनय भगत, नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह, जपं उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष जगवंशी यादव, अगस्तुस टोप्पो, सरपंच, आयोजन समिति के पदाधिकारी, खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

34 मवेशियों के साथ तस्करी का आरोपी गिरफ्तार, फरार आरोपी की तलाश जारी

बलरामपुर। पशु तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रघुनाथनगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 34 नग भैंस व भैंसा बरामद किए हैं। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जबकि अंधेरे का फायदा उठाकर उसके अन्य साथी फरार हो गए। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रघुनाथनगर केसारी निवासी 24 वर्षीय दीपक सोनवानी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 16 सितंबर को थाना रघुनाथनगर की टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग ग्राम केसारी से मवेशियों को अवैध रूप से पैदल उत्तर प्रदेश की ओर ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने केसारी गांव में घेराबंदी की। पुलिस को देखकर मवेशियों को लेकर जा रहे लोगों ने भागने का प्रयास किया। घेराबंदी के दौरान पुलिस ने दीपक सोनवानी को पकड़ लिया, जबकि उसके अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिस ने मौके से 34 नग भैंस व भैंसा जब्त किए। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 111(2), छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1)(घ) के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी रघुनाथनगर डाकेश्वर सिंह, सउनि फिलिरियुस टोप्पो, प्रधान आरक्षक निर्मल तिर्की, नानसाय खलखो तथा आरक्षक राममूरत यादव सक्रिय रहे।

जवाहर नवोदय विद्यालय में किया गया युवा ग्राम सभा

अंबिकापुर। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय खलीबा में शुक्रवार को आदर्श युवा ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों ने सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, ग्राम सभा की कार्यप्रणाली, नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता तथा सामाजिक एवं नागरिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। विद्यार्थियों ने ग्राम सभा की प्रक्रिया को समझते हुए विभिन्न विषयों पर चर्चा एवं सहभागिता की। आयोजन ने विद्यार्थियों को लोकतंत्र की जमीनी प्रक्रिया को समझने और जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में सीखने का व्यावहारिक अवसर प्रदान किया। इस दौरान डीके शुक्ला, राजेश कुमार, श्रीमती ओलिमा कंचन लता एवं एसके सुमन, प्राचार्य राजू दुबे मौजूद थे।

पेज 1 के शेष...

19-20 को अग्र महाकुंभ-2026...

अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि कुशल कुशवाह, हिमांशु बवंडर, सोनल जैन, देवेंद्र आग शामिल होंगे। कार्यक्रम के दूसरे दिन 20 सितम्बर को समाज का खुला अधिवेशन आयोजित किया जाएगा, जिसमें अग्रवाल समाज के सदस्य एवं प्रतिनिधि अपने विचार, सुझाव, अपेक्षाएं एवं सामाजिक मुद्दों को खुले मंच पर रख सकेंगे। छत्तीसगढ़ में अपनी चिकित्सा सेवाओं एवं विशेषज्ञता के लिए प्रतिष्ठित चिकित्सक विभिन्न महत्वपूर्ण स्वास्थ्य विषयों पर जानकारी देंगे। प्रदेशभर में निवासरत अग्रवाल समाज की प्रतिभाओं एवं विशिष्ट व्यक्तित्वों में से विभिन्न 18 प्रकल्पों के अंतर्गत ऐसे 18 विशिष्ट व्यक्तित्वों का चयन किया गया है, जिन्होंने अपने-अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल कर छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि देश एवं विदेश में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। समाज, राष्ट्र एवं अपने कार्यक्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली इन विभूतियों को दशम अग्र अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा।

बुजुर्ग की हत्या के मामले में चौथा...

को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त एक देशी पिस्टल, 6 नग जिंदा कारतूस, 1 नग नया चाकू और मोबाइल फोन बरामद किया। आरोपी ने घटना के दौरान पहले गए कपड़े को रास्ते में किसी जगह फेंकने की बात कही जिसकी उसे जानकारी नहीं है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 101(1), 109(1), 3(5), 103 (1), 61(2), 238 व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि फरार आरोपी की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली अखिलेश सिंह, सउनि अद्वीप प्रताप सिंह, विवेक पाण्डेय, देवनारायण यादव, प्रधान आरक्षक सुरजीत कोरी, सतीश सिंह, सियाराम मरावी, सदरक लकड़ा, आरक्षक विवेक राय, नितिन सिन्हा, शिवमांगल सिंह, कुश सोनी, नगर सैनिक दशरथ राजवाड़े, साइबर सेल से प्रभारी अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक जयदीप सिंह, विकास सिन्हा, आरक्षक जितेश साहू, अशोक यादव, रमेश राजवाड़े, अमन पुरी, राहुल केरकेट्टा सक्रिय रहे।

बेटे के साथ बाइक से राशन लेकर लौट रही अधेड़ महिला की सड़क हादसे में मौत

बिश्रामपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर में शुक्रवार की दोपहर बारह बजे घटित सड़क हादसे में एक 55 वर्षीय अधेड़ महिला की मौत हो गई।मृतिका शासकीय उचित मूल्य की दुकान से बेटे के साथ राशन लेकर बाइक से वापस घर को लौट रही थी,तभी बाइक अनियंत्रित हुई और पीछे बैठी महिला मैया आयम पति उजीत सिंह 55 वर्ष सर के बल सड़क पर गिर पड़ी जिससे वह गंभीर रूप से आहत हो गई,स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उसे तत्काल बिश्रामपुर शासकीय अस्पताल लाया जहां जांच उपरांत चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम होने उपरांत मामले में मर्ग कायम किया है।



TOP IN SURGUJA

युवा गणेश पूजा समिति,गुदरी गली,शिवनन्दनपुर।

श्री राम चौक स्थित गणेश पंडा।

गणेश पूजा समिति सलका।

श्री राम सेवा समिति बेलखरिखा।

खबर संक्षेप

पीएम के जन्मदिन पर विधायक ने किया हॉस्पिटल में फल वितरण

सीतापुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर मरीजों से मिलकर उनका हालचाल जानने विधायक रामकुमार टोप्पो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सभी वार्ड का भ्रमण कर मरीजों का हालचाल जाना एवं उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए फल वितरण कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया। प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर भाजयुमो अध्यक्ष किशन उपाध्याय के नेतृत्व में भाजयुमो ने हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमे भाजयुमो समेत नगर के युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया। इस दौरान नगर के युवा ईशान सोनी अंकु ने 23वी बार रक्तदान कर युवाओं का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष त्रिलोचन सदवर्ती, महामंत्री संगीता कंसारी, विधायक प्रतिनिधि श्रवण दास, विष्णु अग्रवाल, पार्षद नीरू मिस्त्री, पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष कौशलेंद्र गुप्ता, संकेत गुप्ता, संजय बेहरा, आदित्य अग्रवाल, समीर बेहरा, नंदकुमार प्रधान, शुभम गुप्ता, सूर्यप्रकाश मिस्त्री समेत भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व चिकित्सक एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

छात्राओं ने रैली निकाल बनाई मानव श्रृंखला, प्राचार्य ने दिलाई शपथ

लखनपुर। कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य रंजना श्रीवास्तव के नेतृत्व में सेवा संकल्प दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्राचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर संकल्प लें कि हम विकसित भारत को लक्ष्य 2047 में अवश्य प्राप्त करेंगे। देश का आदर्श नागरिक बन कर साक्षरों को शिक्षित बनाएंगे। उल्लास कार्यक्रम में सहभागिता निभायेंगे। इस अवसर पर उन्होंने सभी शिक्षक, विद्यार्थियों को शपथ दिलाई। शिक्षक और विद्यार्थियों ने साक्षरता रैली निकाली जो स्कूल परिसर से प्रारम्भ को नगर भ्रमण के उपरांत विद्यालय पहुंच कर सभा में परिणत हो गई। विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला कर बना कर साक्षरता का संदेश दिया।

रामराज सिंह ने संभाला एसडीएम का कार्यभार

सीतापुर। प्रशासनिक कसावट लाने कलेक्टर द्वारा किये गए फेरबदल के बाद रामराज सिंह ने एसडीएम का कार्यभार ग्रहण किया। एसडीएम रामराज सिंह इससे पहले यहां तहसीलदार के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अनुविभाग सीतापुर में नियुक्ति के बाद अपना कार्यभार ग्रहण करने पहुंचे एसडीएम रामराज सिंह का कार्यालय में कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि प्रशासनिक कसावट लाना उनका मुख्य उद्देश्य है। इसके अलावा आम लोगों की समस्या का समय पर निराकरण करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

निकाय के साथ ग्राम पंचायतों में भी हुआ दीप प्रज्जवलन

6 लाख 46 दीयों से जगमगाया जिला, 2 हजार बच्चों ने मानव श्रृंखला से रची दीये की आकृति

दीप जलाते कृषि मंत्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार की शाम आशीर्वाद का दीया का जिला स्तरीय कार्यक्रम स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान में हुआ। यहां लगभग 2 हजार विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर आशीर्वाद का दीया की भव्य आकृति रची। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने इसी आकृति के दीप को प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इसके साथ ही विद्यालय परिसर में 1 लाख 30 हजार दीये एक साथ जगमगा उठे और पूरा मैदान रोशनी के सागर में बदल गया। इस दौरान मंत्री श्री नेताम ने कहा कि आज का दिन दोहरा सौभाग्य लेकर आया है। एक ओर सृष्टि के वास्तुकार और शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की जयंती है, तो दूसरी ओर राष्ट्र सेवा को जीवन का ध्येय बनाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भगवान विश्वकर्मा ने सृजन से संसार को आकार दिया, उसी प्रकार प्रधानमंत्री सेवा और समर्पण से नए भारत का निर्माण कर रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने कहा कि जिले के हर कोने में जले ये दीप साक्षी हैं कि बलरामपुर-रामानुजगंज विकास की राह पर एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सड़क, महिला सशक्तिकरण और जनकल्याण के क्षेत्र में जिला निरंतर प्रगति कर रहा है। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचकर लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। जिले में कुल 6 लाख 46 हजार 418 दीयों के प्रज्वलन की व्यापक तैयारी की गई थी, जिसमें विभागीय और निकाय स्तर के 5 लाख 16 हजार 418 दीये शामिल थे। कलेक्ट्रेट, जिला पंचायत, जनपद, अनुभाग और तहसील कार्यालयों से लेकर नगरीय निकायों तक दीप सजाए गए। बलरामपुर, राजपुर, शंकरगढ़, कुसमी, रामचंद्रपुर और वाड्रफनगर में लोगों ने अपने घर-आंगन में स्वेच्छा से दीये जलाए। नगरीय निकायों के साथ जिले की 476 ग्राम पंचायतें भी इस आयोजन का हिस्सा बनीं। शालाओं, छात्रावासों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य संस्थाओं, अमृत सरोवरों और पुरातात्विक स्थलों पर जगमगाती रोशनी ने वनांचल से नगर तक एकजुटता का संदेश दिया। इस दौरान एसपी वैभव बैंकर, डीएफओ आलोक वाजपेयी सहित अन्य मौजूद थे।

कृषि मंत्री नेताम ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

■ शिविर में नागरिकों ने लिया बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला चिकित्सालय में रक्तदान महादान अभियान आयोजित किया गया। अभियान में प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम शामिल हुए। उन्होंने कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी सहित सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रेड क्रॉस सोसायटी और दीनहीन सेवा समिति के सहयोग से लगे इस शिविर में कई रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

मंत्री श्री नेताम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिवस के अवसर पर कहा कि उनका जीवन राष्ट्र सेवा को समर्पित है। उनकी सेवा यात्रा से प्रेरणा लेकर आज देशभर में जनकल्याण के कार्य हो रहे हैं। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि रक्तदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है। एक व्यक्ति का दिया रक्त किसी अनजान जरूरतमंद को नया जीवन देता है और एक पूरे परिवार की खुशियां लौटा सकता है। उन्होंने मितानिन दीदियों और महिलाओं से भी समय-समय पर रक्तदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं में एनीमिया की समस्या अधिक पाई जाती है, इसलिए रक्तदान से पहले स्वास्थ्य जांच अनिवार्य रूप से कराई जाए। उन्होंने सीएमएचओ को जांच में रक्तदान के लिए अनुकूल पाये जाने वाले रक्तदाताओं से ही रक्तदान कराने के निर्देश दिए। इस दौरान ओमप्रकाश जायसवाल, पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर, जिला पंचायत सीईओ आशुतोष चतुर्वेदी, सीएमएचओ विजय सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

3 लाख 11 हजार दीपों से जगमगाया विधानसभा क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत गुरुवार को प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रतापपुर और रामानुजनगर क्षेत्र में कुल 3 लाख 11 हजार दीप प्रज्वलित किए गए। गांव से लेकर शहर तक दीपों की रोशनी में सेवा, जनभागीदारी और विकसित भारत 2047 के संकल्प का संदेश गूंजा।

■ विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते की पहल से प्रतापपुर में सेवा संकल्प की रोशनी

ग्राम पंचायत शिवपुर के मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने दीप प्रज्वलित कर सेवा, जनभागीदारी एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प को दोहराया। आशीर्वाद का दीया जलाकर उन्होंने अभियान के उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के तहत प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी 329 बूथों, बूथ स्तर के पदाधिकारियों, नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के घरों में दीप जलाए गए। 200 ग्राम पंचायतों के ग्राम पंचायत भवनों सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर भी दीप प्रज्वलन किया गया। प्रतापपुर के शिव मंदिर, जलेश्वर नाथ, मां समलेश्वरी मंदिर शक्तिपीठ, महामाया मंदिर, श्री श्याम मंदिर, अटल चौक और वीर शहीद स्मारक सहित अन्य स्थानों पर भी कार्यक्रम आयोजित हुआ। एसडीएम कार्यालय, तहसील, जनपद पंचायत, नगर पंचायत, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और विभिन्न विभागीय कार्यालयों में भी दीप प्रज्वलित किए गए। प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में 3 लाख 11 हजार दीपों का प्रज्वलन सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनभागीदारी का प्रमुख आयोजन रहा। विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते की उपस्थिति में शिवपुर मंदिर परिसर से लेकर गांव-गांव तक सेवा और संकल्प का संदेश पहुंचाया गया।

शासकीय भवनों एवं अटल चौक पर प्रज्वलित गए आशीर्वाद के दिए

पोड़ीमोड़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर पोंडी मोड़ व सरहरी सहित सरकारी भवनों के साथ साथ गांव के प्रत्येक घरों में आशीर्वाद के दिए प्रज्वलित किए गए। इस दौरान नंदा यादव, पुष्पेन्द्र गुप्ता, अरविंद पटेल, राजेंद्र सेन, विजय नारायण कुशवाहा, राम शरण कुशवाहा, रामकुमार पटेल, इंद्रबली कुशवाहा, शिव बालक सिंह, शिवशंकर सिंह, राजेंद्र यादव, रामप्रसाद राजवाड़े, धर्मजीत सिंह मरावी, विलियम मिंस सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

अलग-अलग मामलों में दो महिलाओं ने की आत्महत्या

रामानुजगंज। क्षेत्र में दो अलग-अलग मामलों में दो महिलाओं द्वारा आत्महत्या कर ली। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार पहली घटना में उमापुर हरफी ढोढ़ी निवासी नवविवाहिता श्रीमती दीपिका साहू पति ललित साहू ने घर में आत्महत्या कर ली। परिजन के अनुसार गुरुवार को दोपहर लगभग डेढ़ बजे अपने घर में आत्महत्या कर ली। मृतिका के भाई द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की गई है। परिजनों ने पति की प्रताड़ना का संदेह जताया है। दूसरी घटना ग्राम कौशलपुर भैंसामुड़ा का है। जहां एक युवती ने रविवार सुबह लगभग 9 बजे अपने घर के पास आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि परिजन द्वारा पढ़ने-लिखने की समझाइश देने पर आवेश में आकर युवती ने यह कदम उठाया। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर पंचनामा कार्रवाई के बाद लाश का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजन के सुपुर्द किया है।

महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

महाविद्यालय में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को साइबर अपराधों से बचाव तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से साइबर सुरक्षा संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पुनीत कुमार राय ने की। मुख्य वक्ता थाना के उपनिरीक्षक प्रदीप मिश्रा ने विद्यार्थियों को यातायात नियम एवं दुर्घटना स्थल पर आम नागरिक को क्या उपाय करना हैं इसकी जानकारी साझा की। एसआई राकेश यदु ने महिला सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एसआई मनीष वर्मा ने साइबर अपराध ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, फर्जी कॉल, डिजिटल अरेस्ट, नकली वेबसाइट, सोशल मीडिया अपराध, पहचान की चोरी और ओटीपी संबंधी धोखाधड़ी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा ओटीपी, पासवर्ड, बैंक विवरण, एटीएम पिन और व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें। उपस्थित विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने तथा साइबर अपराधों के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।



सेवा संकल्प अभियान के तहत अस्पताल परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

रामानुजनगर। सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ भाजपा मंडल के पदाधिकारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों, ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच एवं पंचायत पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासियों ने सहभागिता की। स्वच्छता अभियान के दौरान अस्पताल परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने का संकल्प लिया। अभियान में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी सक्रिय रूप से सहभागिता करते हुए लोगों सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव पर अस्पताल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें अधिकारी, कर्मचारी, भाजपा मंडल के पदाधिकारी,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, ग्राम पंचायत के सरपंच एवं उपसरपंच, पंचायत पदाधिकारी एवं ग्रामवासी द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया।

जय अग्रसेन
" एकता में शक्ति, सेवा में समृद्धि "
छत्तीसगढ़ प्रांतीय
अग्रवाल संगठन (सम्मेलन)
द्वारा आयोजित हिंद यूनिट्रेड प्रस्तुत
अग्र महाकुंभ 2026
प्रांतीय अधिवेशन एवं दशम
अग्र अलंकरण समारोह
सेवा, शक्ति, सामर्थ्य का संगम
दिनांक
19,20 सितंबर 2026
स्थान
होटल ग्रैंड बसंत
अम्बिकापुर (छ.ग.)
कार्यक्रम में पधारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री
विष्णु देव साय जी
एवं अन्य अतिथियों का मां महामाया की पावन धरती पर
हार्दिक वंदन...नंदन...अभिनंदन....
विष्णु देव साय जी
मुख्यमंत्री (छ.ग. शासन)
संजय मित्तल
अध्यक्ष - अग्रवाल सभा, अम्बिकापुर
एवं प्रदेश उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ कोल एसोसिएशन
श्रीमती दुर्गा संजय मित्तल
समाज सेविका
विनीत :- हिन्द यूनिट्रेड प्राईवेट लिमिटेड अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)